जब तक साँसें चलेंगी

जब तक साँसें चलेंगी,
खाटू आऊंगा श्याम,
तेरे बिना एक पल कहीं,
मुझे ना आराम,
जब तक साँसें चलेंगी,
खाटू आऊंगा श्याम।

मेरी साँसों में तू है बसा,
तेरे दर्शन का मुझको नशा,
मेरे मन की ऐसी लगन,
तेरे भजनो में रहूं मगन,
जब तक साँसें चलेंगी,
खाटू आऊंगा श्याम.......

तुझसे पायी है हर एक ख़ुशी,
वरना रहता ये प्रेमी दुखी,
जबसे पाया तेरा साथ है,
मिल गई हर ये सौगात है,
जब तक साँसें चलेंगी,
खाटू आऊंगा श्याम......

अब ना कोई है चिंता फिकर,
संग तू चलता है हर एक डगर,
दर्शन मिले जो अवि को है श्याम
तू ही कन्हैया तू मेरा राम
जब तक साँसें चलेंगी,
खाटू आऊंगा श्याम,
तेरे बिना एक पल कहीं,
मुझे ना आराम.......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/23319/title/jab-tak-saanse-chalegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |